### कर्मचारियों, प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

# नैतिक आचरण, ईमानदारी और सजग नागरिकता का संकल्प दिलाया




नैतिक आचरण व इमानदारी की शपथ लेते शिक्षक और विद्यार्थी। ● नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, नेपानगर: नेपा लिमिटेड द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसकी थीम जागरूकता हमारी साझा जिम्मेदारी है। संस्थान स्तर पर प्रशिक्षण शिविर, संवाद एवं जनजागृति कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

गुरुवार को कार्यक्रम के तहत मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार एवं उनकी टीम ने नगर पालिका परिषद और सिटीजन हायर सेकेंडरी स्कूल, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, ठाकुर वीरेंद्र कुमार सिंह मेमोरियल स्कूल तथा केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद कर सत्यनिष्ठा, नैतिक आचरण और ईमानदारी व सजग नागरिकता का संकल्प दिलाया।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि जागरूकता के तहत विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें विद्यार्थियों ने ईमानदारी और नैतिकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही नैतिकता और अच्छे आचरण पर आधारित पुस्तिकाएँ विद्यार्थियों को पढ़ाई गईं। शिक्षकों से भ्रष्टाचार निवारण पर कविताएँ और लेख प्राप्त किए गए। जिनके माध्यम से बच्चों में नैतिक चेतना और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। संवाद कार्यक्रम के पश्चात नगरपालिका परिसर में अध्यक्ष भारती पाटिल की उपस्थिति में कर्मचारियों, विद्यालय प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

इसमें सीएमओ मोहन सिंह अलाव, अधिकारी, कर्मचारी, प्राचार्य चंदना जवादे, शुभांगी पाटिल, अरुण महाजन, देवेंद्र चौरे, राम अवतार यादव, सिटीजन शाला के अध्यक्ष अर्जुनदास शाह सहित शिक्षक सुदर्शन सेठी, हेमलता अग्रवाल, अरुण चौधरी, रमा पवार, सरिता मालवीय आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 17-10-2025



**सतर्कता जागरूकता सप्ताह** • नेपा लिमिटेड में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

# संकल्प दिलाकर सतर्कता अधिकारी ने कहा- नैतिकता व ईमानदारी से ही सशक्त होगा राष्ट्र

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम जागरूकता हमारी साझा जिम्मेदारी के अंतर्गत संस्थान स्तर पर प्रशिक्षण शिविर, संवाद व जनजागृति कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।



विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

इसी क्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा व उनकी टीम ने नगर पालिका परिषद नेपानगर व नगर के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और नगर पालिका कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण का संदेश दिया। उन्होंने निजर स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें ईमानदारी व सजग नागरिकता का संकल्प दिलाया। विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें विद्यार्थियों ने ईमानदारी और नैतिकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही नैतिकता और अच्छे आचरण पर आधारित पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को पढ़ाई गई। शिक्षकों से भ्रष्टाचार निवारण पर कविताएं और लेख प्राप्त किए गए, जिनके माध्यम से बच्चों में नैतिक चेतना और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। संवाद कार्यक्रम के पश्चात नगर पालिका परिषद परिसर में परिषद की अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल की उपस्थिति में नगरपालिका कर्मचारियों, विद्यालय प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के सीएमओ मोहन सिंह अलावा, अन्य अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य वंदना जवादे, शुभांगी पाटिल, अरुण महाजन, देवेंद्र चौरे, राम अवतार यादव, सिटीजन शाला के अध्यक्ष अर्जुनदास शाह सहित शिक्षक सुदर्शन सेठी, हेमलता अग्रवाल, अरुण चौधरी, रमा पवार, सरिता मालवीय, भगवतीलाल भील, लतीश मोरे, फरहा खान, भीमप्पा डी, कविता नागर, जीतेंद्र मस्के, सईद शाकिर, मनीष सर्वे, लेटिष मोरे व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## बच्चों को बताया पर्यावरण का महत्व, मिट्टी के दीये व पेंसिल बांटी



भास्कर संवाददाता | बोरीबुजुर्ग

ग्राम बोरी बुजुर्ग में जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा ने गुरुवार को सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया। क्लास रूम, बैठक व्यवस्था देखी। शिक्षकों का उपस्थिति रजिस्टर देखा। जो शिक्षक नहीं आ रहे उनके अवकाश आवेदन की जानकारी ली। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों से पूछा आप क्या लिख रहे हो तो बच्चों ने कहा- ए बी सी डी लिख रहे हैं। सीईओ के कहने पर बच्चे रूपेश ने उन्हें ए बी सी डी सुनाई तो उन्होंने वेरी गुड कहा। इस पर सभी बच्चों ने ताली बजाई।

बच्चों को उन्होंने चॉकलेट, पेंसिल, शॉपनर, मिट्टी के दीये वितरित किए। बच्चों को पर्यावरण के बारे में बताया। सीईओ वर्मा ने मध्याह्न भोजन, किचन की निरीक्षण किया। मध्याह्न भोजन में गुरुवार को कढ़ी पकोड़ा और पुलाव बना था, जिसे उन्होंने देखकर समूह की जानकारी ली। किचन में लगे बिजली बोर्ड में बटन नहीं होने पर उसे दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इस दौरान परियोजना अधिकारी विजय पचौरी, सुलोचना वानखेड़े, वंदना गड़वाड़, लक्ष्य वर्मा, सचिव शोभाराम परमार, सहायक सचिव हितेश मंडलोई, स्कूल स्टाफ सहित अन्य मौजूद थे।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 17 Oct 2025

# नैतिकता और ईमानदारी से राष्ट्र होगा सशक्त - विनीत कुमार

## नेपा लिमिटेड में शालेय विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**



केंद्रीय सतर्क ता आयोग नई दिल्ली के निर्देशन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा सतर्क ता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम जागरूकता हमारी साझा जिम्मेदारी के अंतर्गत संस्थान स्तर पर प्रशिक्षण शिविर, संवाद व जनजागृति कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में मुख्य सतर्क ता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा व उनकी टीम ने नगर पालिका परिषद नेपानगर तथा नगर के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और नगर पालिका कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण का संदेश दिया। उन्होंने सिटीजन हायर सेकेंडरी स्कूल, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, ठा. वीरेंद्र कुमार सिंह मेमोरियल स्कू ल तथा केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें ईमानदारी व सजग नागरिकता का संकल्प दिलाया। विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थियों ने ईमानदारी और नैतिकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

संवाद कार्यक्रम के पश्चात नगर पालिका परिषद परिसर में परिषद की अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल की उपस्थिति में नगरपालिका कर्मचारियों, विद्यालय प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहन सिंह अलावा, अन्य अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नैतिकता और ईमानदारी से ही सशक्त होगा राष्ट्र : विनीत कुमार



रिपोर्ट - नरेश चौकसे

नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शालेय विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ। केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम +जागरूकता हमारी साझा जिम्मेदारी+ के अंतर्गत संस्थान स्तर पर प्रशिक्षण शिविर, संवाद एवं जनजागृति कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, भारतीय राजस्व सेवा एवं उनकी टीम ने नगर पालिका परिषद नेपानगर तथा नगर के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और नगरपालिका कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण का संदेश दिया। उन्होंने सिटीजन हायर सेकेंडरी स्कूल, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, ठाकुर वीरेंद्र कुमार सिंह मेमोरियल स्कूल तथा केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें ईमानदारी व सजग नागरिकता का संकल्प दिलाया।

विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने +ईमानदारी और नैतिकता+ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही नैतिकता और अच्छे आचरण पर आधारित पुस्तिकाएँ विद्यार्थियों को पढ़ाई गईं। शिक्षकों से भ्रष्टाचार निवारण पर कविताएँ और लेख प्राप्त किए गए, जिनके माध्यम से बच्चों में नैतिक चेतना और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।

संवाद कार्यक्रम के पश्चात नगरपालिका परिषद परिसर में परिषद की अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल की उपस्थिति में नगरपालिका कर्मचारियों, विद्यालय प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहन सिंह अलावा, अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य वंदना जवादे, शुभांगी पाटिल, अरुण महाजन, देवेंद्र चौरे, राम अवतार यादव, सिटीजन शाला के अध्यक्ष अर्जुनदास शाह सहित शिक्षक सुदर्शन सेठी, हेमलता अग्रवाल, अरुण चौधरी, रमा पवार, सरिता मालवीय, भगवतीलाल भील, ललीश मोरे, फरहा खान, भीमप्प डी, कविता नागर, जीतेंद्र मस्के, सईद साकिर, मनीष सर्वे, लेटिप मोरे एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# नैतिकता और ईमानदारी से ही सशक्त होगा राष्ट्र - विनीत कुमार

## नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शालेय विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ



**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले**
**बुरहानपुर/नेपानगर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग,नई दिल्ली के निर्देशन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम जागरूकता हमारी साझा जिम्मेदारी के अंतर्गत संस्थान स्तर पर प्रशिक्षण शिविर,संवाद एवं जनजागृति कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार,भारतीय राजस्व सेवा एवं उनकी टीम ने नगर पालिका परिषद नेपानगर तथा नगर के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं,शिक्षकों और नगरपालिका कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण का संदेश दिया। उन्होंने सिटीजन हायर सेकेंडरी स्कूल,पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,सरस्वती शिशु मंदिर,ठाकुर वीरेंद्र कुमार सिंह मेमोरियल स्कूल तथा केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें ईमानदारी व सजग नागरिकता का संकल्प दिलाया। विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने ईमानदारी और नैतिकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही नैतिकता और अच्छे आचरण पर आधारित पुस्तिकाएँ विद्यार्थियों को पढ़ाई गईं। शिक्षकों से भ्रष्टाचार निवारण पर कविताएँ और लेख प्राप्त किए गए। जिनके माध्यम से बच्चों में नैतिक चेतना और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। संवाद कार्यक्रम के पश्चात नगरपालिका परिषद परिसर में परिषद की अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल की उपस्थिति में नगरपालिका कर्मचारियों,विद्यालय प्राचार्यों,शिक्षकों और विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहन सिंह अलावा,अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य वंदना जवादे,शुभांगी पाटिल,अरुण महाजन,देवेंद्र चौरे,राम अवतार यादव,सिटीजन शाला के अध्यक्ष अर्जुनदास शाह सहित शिक्षक सुदर्शन सेठी,हेमलता अग्रवाल,अरुण चौधरी,रमा पवार,सरिता मालवीय,भगवतीलाल भील,लतीश मोरे,फरहा खान,भीमप्प डी,कविता नागर,जीतेंद्र मस्के,सईद साकिर,मनीष सर्वे,लेटिष मोरे एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# नैतिकता और ईमानदारी से ही सशक्त होगा राष्ट्र : विनीत कुमार

नेपानगर-आगाज इंडिया-संदीप डाहाट



नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शालेय विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशन में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम "जागरूकता हमारी साझा जिम्मेदारी" के अंतर्गत संस्थान स्तर पर प्रशिक्षण शिविर, संवाद एवं जनजागृति कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार, भारतीय राजस्व सेवा एवं उनकी टीम ने नगर पालिका परिषद नेपानगर तथा नगर के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और नगरपालिका कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण का संदेश दिया। उन्होंने सिटीजन हायर सेकेंडरी स्कूल, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, ठाकुर वीरेंद्र कुमार सिंह मेमोरियल स्कूल तथा केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें ईमानदारी व सजग नागरिकता का संकल्प दिलाया। विद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने "ईमानदारी और नैतिकता" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही नैतिकता और अच्छे आचरण पर आधारित पुस्तिकाएँ विद्यार्थियों को पढ़ाई गईं। शिक्षकों से भ्रष्टाचार निवारण पर कविताएँ और लेख प्राप्त किए गए, जिनके माध्यम से बच्चों में नैतिक चेतना और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। संवाद कार्यक्रम के पश्चात नगरपालिका परिषद परिसर में परिषद की अध्यक्षा भारती विनोद पाटिल की उपस्थिति में नगरपालिका कर्मचारियों, विद्यालय प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहन सिंह अलावा, अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य वंदना जवादे, शुभांगी पाटिल, अरुण महाजन, देवेंद्र चौरे, राम अवतार यादव, सिटीजन शाला के अध्यक्ष अर्जुनदास शाह सहित शिक्षक सुदर्शन सेठी, हेमलता अग्रवाल, अरुण चौधरी, रमा पवार, सरिता मालवीय, भगवतीलाल भील, लतीश मोरे, फरहा खान, भीमप्प डी, कविता नागर, जीतेंद्र मस्के, सईद साकिर, मनीष सर्वे, लेटिष मोरे एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।